**Additional Work for Court Room, Chamber, Office Mediation Center and Record Room in combined Court Building (Semi Basement and G+7) at Patna Civil Court Distt. Patna के कार्य हेतु दिनांक 16.09.2018 को प्राप्त ई0-निविदा का तकनीकी बीड निस्तार के लिए निगम निविदा समिति का दिनांक 26.10.2018 को आहूत बैठक की कार्यवाही:-**

---

**उपस्थिति:-**

1. श्री अमित कुमार, प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। अध्यक्ष
2. श्री उपेन्द्र नारायण, अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। सदस्य
3. श्री रवि शंकर चौधरी, संयुक्त सचिव-सह-आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। सदस्य
4. श्री राकेश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। सदस्य
5. श्री रंजित प्र0 सिंह, महाप्रबंधक (दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। सदस्य
6. श्री जितेन्द्र कु0 सिंह, उप-महाप्रबंधक (वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। सदस्य

**कार्यवाही:-**

**1.योजना का नामः-** **Additional Work for Court Room, Chamber, Office Mediation Center and Record Room in combined Court Building (Semi Basement and G+7) at Patna Civil Court Distt. Patna** का कार्य।

**2.प्रशासनिक स्वीकृति की राशि** :- ₹45.78 करोड़
(विधि विभाग का पत्रांक-383, दिनांक, 22.06.2015)

**3.प्रावैधिक स्वीकृति की राशि** :- ₹43,48,55,100/-

**4.पुनरीक्षित प्रावैधिक स्वीकृति की राशि** (इस निविदा के कार्यो सहित समेकित) :- ₹45,08,04,000/-

**5.परिमाण विपत्र की राशि:-** ₹3,29,52,873/-

**6.निविदा प्राप्त करने की तिथि:-** 16.09.2018

**7.निविदा खोलने की तिथि:-** 28.09.2018

**8.निविदा प्रसारण का माध्यम:-** ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र

**9.निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नामः-** दैनिक भास्कर, दिनांक 06.09.18

**10.प्रकाशन का पी0आर0 संख्या:-** 7903 (Ni.Ni) 2018-19

**11.निविदा में भाग लेनेवाले निविदादाता का नाम एवं पता:-**

(i) मेसर्स बी0 राय0 कंस्ट्रक्शन कंपनी, गुप्तेश्वर कम्पलेक्स, बेकर बाँध, धनबाद, झारखण्ड।
(ii) यशस्वी कंस्ट्रक्शन, अमन अंकी निवास, गंगा विहार कॉलोनी, बेउर अनिसाबाद, पटना।

**12. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की समीक्षा:-**

प्रथमवार आमंत्रित निविदा की स्थिति:- इस कार्य हेतु पूर्व में दिनांक 15.06.2018 को निविदा प्राप्त की गई थी। उक्त निविदा में दो निविदादाताओं द्वारा भाग लिया गया था, जिसमें (i) "मेसर्स बी0 राय0 कंस्ट्रक्शन कंपनी, गुप्तेश्वर कम्पलेक्स, बेकर बाँध, धनबाद, झारखण्ड" (ii) "यशस्वी कंस्ट्रक्शन, अमर अंकीत निवास, गंगा विहार कॉलोनी, बेउर अनिसाबाद" को तकनीकी मूल्यांकन समिति का दिनांक 02.07.2018 की बैठक में दोनो निविदादाताओं को सफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी थी। तत्पश्चात तकनीकी मूल्यांकन समिति का दिनांक 12.07.2018 की बैठक की अनुशंसा के आलोक में निगम निविदा समिति का दिनांक 16.07.2018 की बैठक में इस निविदा को अपरिहार्य कारण वश रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया था।

**द्वितीयवार आमंत्रित निविदा (वर्त्तमान):-** इस निविदा में दो निविदादाताओं द्वारा भाग लिया गया, जिनके द्वारा अपलोड किए गए कागजातों को उप-महाप्रबंधक, पी0आई0यू0, पटना द्वारा डाउनलोड कर समर्पित किया गया जिसका तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया जो निम्नवत्त है:-

प्रथम निविदादाता "यशस्वी कंस्ट्रक्शन, अमर अंकीत निवास, गंगा विहार कॉलोनी, बेउर अनिसाबाद, पटना" है, जिनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोपरान्त पाया गया कि इनके द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5(A)(b) के तहत सामान्य प्रकृति का एक आवश्यक कार्य पूर्ण करने का प्रमाण पत्र संलग्न नही किया गया है, तथा कंडिका-4.5(A)(C) के तहत Wooden एवं Electrical कार्य की आवश्यक मात्रा का पूर्णता प्रमाण पत्र संलग्न नही किया गया है। अत: एस0बी0डी0 की उक्त कंडिकाओं के तहत नॉन रिस्पॉन्सिव पाया गया एवं इन्हें तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी है।

द्वितीय निविदादाता "मेसर्स बी0 राय0 कंस्ट्रक्शन कंपनी, गुप्तेश्वर कम्पलेक्स, बेकर बाँध, धनबाद, झारखण्ड" है, इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं के तहत इन्हें रिस्पॉन्सिव पाया गया एवं तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी है।

**12. निगम निविदा समिति का निर्णय:-**

चूँकि यह द्वितीयवार आमंत्रित निविदा है। अत: वित्त विभाग की अधिसूचना सं0-7806, दिनांक 30.09.2016 के आलोक समिति द्वारा तकनीकी मूल्यांकन समिति का दिनांक: 24.10.2018 की अनुशंसा (संलग्न) के आलोक में समिति द्वारा एकमात्र निविदादाता "मेसर्स बी0 राय0 कंस्ट्रक्शन कंपनी, गुप्तेश्वर कम्पलेक्स, बेकर बाँध, धनबाद, झारखण्ड" को सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है। साथ ही समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक 02.11.2018 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य महाप्रबंधक पुर्न समीक्षा हेतु तकनीकी मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं निर्णय हेतु अगली निगम निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में एकमात्र सफल निविदादाता का वित्तीय बीड खोलकर मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी बीड मुल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

**13.** निगम निविदा समिति की इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर डाली जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 26.10.18<br>(जितेन्द्र कु0 सिंह)<br>उप-महाप्रबंधक (वित्त)<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। | 26.10.18<br>(रंजित प्रसाद सिंह)<br>महाप्रबंधक (दक्षिण)<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। | 26/10/18<br>(राकेश कुमार)<br>मुख्य महाप्रबंधक<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। |
| 26/10/2018<br>(रवि शंकर चौधरी)<br>संयुक्त सचिव-सह-आ0 वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। | 26/10/18<br>(उपेन्द्र नारायण)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | 26/X/18<br>(अमित कुमार)<br>प्रबंध निदेशक<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। |